BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 29/30 जून, 2024 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना अगौता**

निर्माणाधीन बुलंद बायो गैस प्लांट में डकैती की घटना कारित करने वाले वांछित बदमाश से थाना अगौता पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व एक बाइक बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 29/30-06-2024 की रात्रि में थाना अगौता पुलिस टीम एक अभिसूचना पर किसोली मोड़ पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी तभी असावर रोड़ गुलावठी की तरफ से बाइक सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसको रूकने का ईशारा किया गया तो पुलिस टीम को देखकर तेज गति से बाइक को मोडकर ग्राम किसोली की तरफ भागने लगा तभी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। अभियुक्त द्वारा अपने आप को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान **1. नन्हे उर्फ नियाज मौहम्मद पुत्र बासी उर्फ अब्बासी निवासी ग्राम खिवाई थाना सरूरपुर जनपद मेरठ के रूप में हुई है।** घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भेजा गया है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का लुटेरा/डकैत हैं जिसके द्वारा दिनांक 04/05-03-2024 की रात्रि में थाना अगौता क्षेत्रान्तर्गत निर्माणाधीन बुलंद बायो गैस प्लांट में अपने साथियो के साथ मिलकर डकैती की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना अगौता पर मुअसं-45/24 धारा 395 भादवि पंजीकृत हैं। जिसकी गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. नन्हे उर्फ नियाज मौहम्मद पुत्र बासी उर्फ अब्बासी निवासी ग्राम खिवाई थाना सरूरपुर जनपद मेरठ।

बरामदगी-

1- 01 तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा, 01 खोखा कारतूस।
2- 01 बाइक स्प्लैन्डर प्रो (बिना नम्बर)

अभियुक्त नन्हे उर्फ नियाज मौहम्मद का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं-50/23 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 थाना सरूरपुर जनपद मेरठ।
2- मुअसं-45/24 धारा 395/412 भादवि थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर।
3- मुअसं-151/24 धारा 307/414 भादवि व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना अगौता जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अगौता पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री संदीप कुमार थानाध्यक्ष अगौता

2- व0उ0नि0 सतवीर सिंह,उ0नि0 संजय कुमार, उ0नि0 यूटी अंकित कुमार।

3- है0का0 मजहर, का0 जिसान, का0 भूपेन्द्र।

मीडिया सेल बुलंदशहर